आज

महानगर

प्रयागराज, शुक्रवार २ अक्तूबर, २०२६

जलस्तर कम होनेके बाद नदियोंके किनारे पसरी गन्दगी

दुर्गंध और मच्छर-मक्खियोंके प्रकोपसे स्थानीय लोग परेशान



जनपद में गुरुवार को भी गंगा और यमुना नदी का जलस्तर पूरे दिन घटते हुए नजर आया। नदियों का पानी घटने के साथ ही संगम और तटीय इलाकों में गंदगी की समस्या बढ़ गयी है। पानी कम होते ही घाटों और नदी किनारे कचरा, गन्दगी और कीचड़ नजर आने लगा है। लेटे हनुमान मंदिर कारिडोर के आसपास, दारागंज एवं आसपास के क्षेत्रों में कई जगह गन्दगी पसरी हुई है। दुर्गंध और मच्छर-मक्खियों के प्रकोप से स्थानीय लोग परेशान हैं।जनपद में टोंस और बेलन नदी के जलस्तर में कमी आने के कारण गंगा और यमुना का पानी तेजी से आगे की ओर बढ़ रहा है। वहीं केन एवं अन्य सहायक नदियों के जलस्तर में आयी कमी के कारण अब यमुना नदी का जलस्तर भी नैनी में घट रहा है। गुरुवार को गंगा और यमुना का पानी घटने के बाद पानी में बहकर आया कचरा नदी किनारे और घाटों पर दिखायी दे रहा है। संगम क्षेत्र सहित कई घाटों के किनारे सिल्ट और कीचड़ की भरमार देखने को मिल रही है। इससे लोगों को आवाजाही में भी परेशानी हो रही है। कचरा और सिल्ट के कारण तटीय इलाकों में दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मच्छर और मक्खियां भी बढ़ गयी हैं। इससे नदियों के आसपास रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। सिंचाई विभाग के बाढ़ नियन्त्रण कक्ष के अनुसार गुरुवार को सुबह आठ बजे गंगा का जलस्तर फाफामऊ में ८०.७० मीटर, छतनाग में ७९.१८ मीटर और बख्शी बांध एसटीपी पर ७९.८१ मीटर रिकार्ड किया गया जबकि नैनी में यमुना का जलस्तर ७९.५६ मीटर रहा। बीते २४ घण्टे में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में आठ सेमी, छतनाग में ८० सेमी कम हुआ। यमुना का जलस्तर नैनी में ६३ सेण्टीमीटर घटा। रात्रि बजे गंगा का जलस्तर फाफामऊ में ८०.५९ मीटर, छतनाग में ७८.९६ मीटर और यमुना का जलस्तर नैनी में ७९.३० मीटर रिकार्ड किया गया। अपरान्ह चार बजे से रात्रि आठ बजे तक चार घण्टे की अवधि में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में तीन सेमी, छतनाग में चार सेमी और नैनी में यमुना का जलस्तर सात सेमी घटा।

यूएमआरकेएस ने केन्द्रीय अस्पतालकी सुविधाओंमें बेहतरीपर की चर्चा

उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ (यूएमआरकेएस) के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को महामंत्री रूपम पाण्डेय की अगुवाई में रेलवे के केंद्रीय अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डाक्टर राकेश निगम से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान रेलवे केंद्रीय अस्पताल में आने वाले मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं और उनकी बेहतरी को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। संघ की ओर से अस्पताल परिसर में एमआरआई और सीटी स्कैन सुविधा, समयबद्ध डाक्टरों की उपस्थिति, बेहतर चिकित्सा सुविधाएं एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गयी। प्रतिनिधिमण्डल में मण्डल अध्यक्ष अमिताभ बच्चन, मण्डल मंत्री संतोष शर्मा, मण्डल कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, मण्डल संगठन मंत्री सत्यम गुप्ता और शाखा मंत्री अजय मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जेम पोर्टलपर प्रशिक्षण छहको

जेम पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम छह अक्तूबर को अपरान्ह दो बजे से शाम पांच बजे तक प्रस्तावित है। प्रशिक्षण शासन स्तर के लखनऊ से आ रहे आगन्तुकों द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के अधिकाधिक सेलर्स को प्रतिभाग कराया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान जेम पोर्टल पर सेलर्स के रूप में पंजीकरण, उत्पाद एवं सेवाओं को पोर्टल पर सूचीबद्ध करने, बीड-रेवेन्यू आक्शन में प्रतिभाग करने, आर्डर प्राप्त करने तथा जेम के माध्यम से शासकीय विभागों को उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के संबंध में. विस्तृत जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

युवककी पिटाईके आरोपमें खुल्दाबाद थानेके सामने चक्काजाम

गोकशी में संलिप्तताके शकमें की थी पूछताछ

खुल्दाबाद थाने के बाहर गुरुवार को युवक की पिटाई के आरोप में उसके परिजनों एवं अन्य लोगों ने चक्काजाम कर हंगामा शुरू कर दिया। बेहोशी की हालत में युवक को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया गया। हंगामे में महिलाएं भी शामिल रही। सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, वाहन चेकिंग के दौरान गोकशी में संलिप्तता के संदेह में एक युवक से पूछताछ की जा रही थी। इसी बीच उसके पक्ष में बड़ी संख्या में लोग खुल्दाबाद थाने पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। उधर, युवक के परिजनों ने आरोप लगाया कि अटाला चौकी इंचार्ज ने युवक की पिटाई की, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद परिजन बेहोश युवक को सड़क पर लेकर पहुंचे और पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चक्का जाम कर दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। काफी देर तक लोगों को समझाने का प्रयास चलता रहा। पुलिस अधिकारियों ने युवक को हिरासत में लेने और उसके साथ हुई घटना की जांच कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत कराने का प्रयास किया गया। देर रात तक हंगामा चलता रहा। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। डीसीपी नगर सागर जैन ने बताया कि गोकशी में संलिप्तता के शक में एक युवक से पुलिस ने पूछताछ की है। युवक से मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। जांच की जा रही है।

विद्युत उपकेन्द्रोंमें चलेगा मरम्मत कार्य, घंटों बाधित रहेगी बिजली

आगामी त्योहारों के मद्देनजर बिजली व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों में दोपहर को घंटे भर मरम्मत का कार्य किया जायेगा। इस दौरान आधे दर्जन से ज्यादा फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रखी जायेगी। गयी। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र पर मरम्मत के कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

दो फ्लाईओवरके निर्माणके लिए २७५ करोड़की संस्तुति

इलाहाबाद उत्तर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मार्ग महात्मा गांधी मार्ग पर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए दो नये फ्लाईओवर बनाने की योजना है। आज दोनों फ्लाईओवर के लिए २७५ करोड़ की संस्तुति कर दी गयी है। प्रस्ताव के मुताबिक, मेडिकल चौराहा पर जाम की समस्या के निजात के लिए पहला फ्लाईओवर केपी इण्टर कालेज से सीएवी इण्टर कालेज तक बनाया जायेगा। वहीं दूसरा फ्लाईओवर बस अड्डे के पास जाम की समस्या के समाधान के लिए हनुमान मंदिर चौराहे से पहले से एलआईसी बिल्डिंग तक प्रस्तावित है। दोनों फ्लाईओवर बनने से एमजी मार्ग पर वाहनों का गमनागमन सुगम होने की उम्मीद है।

वर्तमान में मेडिकल कालेज चौराहा, स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल और बस अड्डे के आसपास आये दिन भीषण जाम की स्थिति बनती है। इन स्थानों पर वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फ्लाईओवर बनने के बाद इन प्रमुख स्थलों पर यातायात का दबाव कम होगा। मेडिकल चौराहा के फ्लाईओवर के लिए गुरुवार को १३५ करोड़ और हनुमान मंदिर-बस अड्डा, सिविल लाइन्स फ्लाईओवर के लिए १४० करोड़ रुपये की संस्तुति कर दी गयी है। सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित मिश्रा ने बताया कि आज समिति के सामने इन दोनों फ्लाईओवर के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया और इसके निर्माण की संस्तुति की गयी है। जल्द ही दोनों फ्लाईओवर निर्माण को शासन स्तर से मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू कराया जायेगा।

मुस्कानके साथ सेवाके १०० वर्ष, सैन्य अस्पतालमें किया रक्तदान



सैन्य नर्सिंग सेवा (एमएनएस) के १०० वर्ष पूरे होने पर सैन्य अस्पताल प्रयागराज में गुरुवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शताब्दी समारोह के तहत आयोजित शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों और स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने हिस्सा लेकर रक्तदान किया। इस दौरान एमएनएस की एक सदी की सेवा, समर्पण और करुणा को याद किया गया।शिविर का शुभारंभ सैन्य अस्पताल की प्रधान मैट्रन कर्नल सुलेखा जे ने नर्सिंग अधिकारियों की टीम के साथ किया। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर में रक्तदाताओं ने सेवा और सहयोग की भावना के साथ भागीदारी काआयोजन में सैन्य नर्सिंग सेवा के आदर्श वाक्य 'मुस्कान के साथ सेवा' की भावना को भी रेखांकित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि एमएनएस ने १०० वर्षों में उत्कृष्ट व्यावसायिक दक्षता, नि:स्वार्थ सेवा और संवेदनशील देखभाल की परंपरा कायम की है। रक्तदान शिविर एमएनएस की उन पीढ़ियों के नर्सिंग अधिकारियों के प्रति सम्मान का प्रतीक रहा, जिन्होंने कर्तव्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा की।

सेवानिवृत्तिपर सम्मान समारोह आयोजित

एनसीआर पीओए की मासिक बैठक गुरुवार को अरावली हाल, जीएम आफिस काम्प्लेक्स में किया गया। बैठक की अध्यक्षता एस के गौतम, डिप्टी सीसीएम-एफएम, एनसीआर ने की। बैठक के साथ रवि कुमार सिंह, एएफए, एडमिन, हेडक्वार्टर, एनसीआर के सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रवि कुमार सिंह के सेवाकाल के दौरान उनके समर्पित योगदान एवं सेवाओं की सराहना की। समारोह को अनुपम सक्सेना, आईआरटीएस तथा के के सिंह, डीएफएम, प्रयागराज ने भी सम्बोधित किया।

एमएनएनआईटी के भावी इंजीनियर तलाशेंगे नगरके जामका समाधान

नगर में रोजाना लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए अब मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) के भावी इंजीनियर तकनीकी समाधान तलाशेंगे। यातायात पुलिस और एमएनएनआईटी के बीच गुरुवार को इस संबंध में समझौता हुआ। और ट्रैफिक दबाव का अध्ययन करेगी। जाम के कारणों के साथ यह भी देखा जाएगा कि किस प्वाइंट पर कितना यातायात दबाव है और इसके पीछे प्रमुख वजह क्या है। तकनीकी अध्ययन के दौरान चौराहों की डिजाइन, सड़क की चौड़ाई व स्थिति, वाहनों की

ट्रांसपोर्ट इंजीनियरिंगके छात्र करेंगे प्रमुख चौराहों और सड़कोंका तकनीकी सर्वे

इसके तहत संस्थान के ट्रांसपोर्ट इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों की टीम जल्द ही शहर के प्रमुख और संवेदनशील ट्रैफिक प्वाइंट का सर्वे करेगी। सर्वे में उन चौराहों और स्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है और बार-बार जाम लगता है। टीम अलग-अलग समय में इन स्थानों पर वाहनों की आवाजाही आवाजाही, ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग और सड़क की मौजूदा व्यवस्था समेत विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया जाएगा। सर्वे पूरा होने के बाद छात्रों की टीम यातायात पुलिस को व्यवस्था में सुधार के लिए तकनीकी सुझाव देगी। इन सुझावों के आधार पर शहर के चिह्नित स्थानों पर आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। डीसीपी यातायात मनीष शांडिल्य ने बताया कि एमएनएनआईटी से इस संबंध में बातचीत हुई है। संस्थान की टीम जल्द ही शहर में सर्वे शुरू करेगी। टीम की ओर से दिए जाने वाले सुझावों के आधार पर ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास होगा।

डैशबोर्ड रैकिंगमें प्रयागराज सातवें स्थान पर

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जारी अगस्त-२०२६ की डैशबोर्ड रैकिंग में प्रयागराज जिले को प्रदेश में सातवां स्थान मिला है। इससे पहले जुलाई की रैंकिंग में प्रयागराज पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर था। इस बार जिले को ०.६९ का कंपोजिट स्कोर मिला है। ताजा रैंकिंग के अनुसार वाराणसी पहले, मुजफ्फरनगर दूसरे, लखनऊ तीसरे एवं मुरादाबाद चौथे स्थान पर है। मंडल स्तर पर कौशांबी को ४६ वां, फतेहपुर को ३२ वां एवं प्रतापगढ़ को ६५ वां स्थान प्राप्त हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि मातृ स्वास्थ्य, बच्चों के टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता जैसे प्रमुख सूचकांकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण यह उपलब्धि मिली है। ब्लाक स्तर पर जिले में हंडिया, शंकरगढ़ एवं धनुपुर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है।

त्योहारोंसे पूर्व प्रमुख रामदल मार्ग बदहाल, नालियां सिल्टसे भरी

दशहरा शुरू होनेसे पूर्व व्यवस्थाएं दुरुस्त करनेका निर्देश

आगामी प्रमुख त्योहार दशहरा, दुर्गापूजा और नवरात्र से पहले नगर के रामदल मार्ग बदहाल हैं। दारागंज, कटरा, बैरहना, अल्लापुर, पथरचट्टी एवं पजावा की ओर से निकलने वाले दल कैसे निकलेंगे, इस बारे में कमेटी के पदाधिकारी परेशान हैं। सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, नालियां टूटी पड़ी हैं। खासकर दारागंज में संकरी सड़क ज्यादा बदहाल है।

हालांकि नगर निगम प्रशासन दशहरा शुरू होने से पूर्व व्यवस्था सुधारने की बात कह रहा है। इसके अलावा पजावा रामलीला मैदान के चारों ओर की सड़क, कल्याणी देवी से पजावा, चड्डा रोड, ठठेरी बाजार के साथ शाहगंज-घंटाघर, जानसेनगंज से घंटाघर होते हुए भारती भवन तक मार्ग क्षतिग्रस्त हैं। चड्डा रोड पर दोनों ओर नालियां सिल्ट से भरी हैं। गुरुवार को महापौर ने कमेटी के सदस्यों के साथ मार्गों की बदहाली देखी और दशहरा शुरू होने से पूर्व व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिये।

अनसुइया मंदिर के पास नाली सिल्ट से भरी होने के साथ मार्ग पर अतिक्रमण भी मिला।

निरीक्षण के दौरान साथ रहे नगर निगम के मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान से महापौर ने पूछताछ की। महापौर ने मेला शुरू होने से पहले सभी क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। अस्थायी प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय और पेड़ों की छंटाई की व्यवस्था भी समय से कराने को कहा।

पजावा रामलीला मैदान की क्षतिग्रस्त बाउंड्री का निर्माण और रंगाई-पुताई कराने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त शादाब असलम, मुख्य अभियंता विद्युत संजय कटियार, जलकल के महाप्रबंधक संजीव कुमार, अधिशासी अभियंता अनिल मौर्या एवं श्री बाबा महंत पजावा रामलीला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

३१ रेल कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

प्रयागराज मण्डल, उत्तर मध्य रेलवे में माह सितम्बर, २०२६ के दौरान ३१ रेलकर्मी सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर प्रयागराज मण्डल कार्यालय स्थित मण्डल सभागार में एक गरिमामय सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अपर मण्डल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समापन भुगतान से संबंधित आवश्यक प्रपत्र प्रदान किए तथा रेल सेवा में उनके बहुमूल्य एवं समर्पित योगदान की सराहना की। कार्मिक एवं लेखा विभाग के समन्वित प्रयासों से आयोजित इस समारोह में माह सितम्बर, २०२६ में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नियमानुसार कुल १३,२०,८६,३५० रुपये का समापन भुगतान डिजिटल माध्यम से किया गया। समारोह के दौरान सुरक्षित एवं संरक्षित रेल परिचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए नौ कर्मचारियों को 'एक्सीडेंट फ्री अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में अनिल कुमार, चंद्रशेखर, महेश कुमार, रमेश के. श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश पांडेय, श्रीमती कुसमा देवी, मोहम्मद भोलू, राम सिंह तथा राम सिंह मीणा शामिल हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी वैभव कुमार गुप्ता ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवाकाल की सराहना की। सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी रूपेश कुमार सुमन ने सेवानिवृत्ति के उपरांत मिलने वाले देयकों, मानार्थ रेल पास, एचआरएमएस एवं यूएमआईडी से संबंधित सुविधाओं की जानकारी दी।

प्रधान डाकघरमें सफाईकर्मियोंको किया सम्मानित



प्रधान डाकघर प्रयागराज मे सफाई कार्य लगे कर्मचारियों को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा अभियान १७ सितंबर से १७ अक्टूबर के तहत डाक विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर स्वच्छता कर्मियों को प्रवर डाकपाल प्रधान डाकघर प्रयागराज श्री अशोक त्रिपाठी ने सभी के द्वारा किए गये कार्य की सराहना किया। साथ ही सभी स्वच्छता कर्मियों को शाल ओढ़ा कर गिफ्ट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश वर्मा, पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर द्वारा किया गया।

पितृदोषकी मुक्तिका मार्ग है भागवत-बटुक महाराज

प्राचीन श्री दधिकांदो मेला कमेटी कृष्णानगर त्रिवेणी मार्ग कीडगंज की ओर से श्री ज्ञान पुस्तकालय के प्रांगण में चल रहे भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर बटुक महाराज ने पितृपक्ष में भागवत कथा सुनने के विषय पर वर्णन करते हुए भक्तों से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा पितृ दोष की मुक्ति का मार्ग है।

जो लोग पितृपक्ष के दौरान श्रीमद् भागवत कथा का पठन-पाठन और श्रवण करता है तो उसके दिवंगत पूर्वजों को और पितरों की आत्मा की शांति और तृप्ति मिलती है और मनुष्य को पितृ दोष से मुक्ति प्राप्त होती है जिससे उसके परिवार में



फैली हुई नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा प्रवेश करती है, जिससे मन शांत और पवित्र होता है और परिवार की समृद्धि होती है।

आज की कथा में भीष्म प्रयाण, परीक्षित जन्म एवं हिरण्याक्ष उद्धार की प्रसंग का वर्णन किया गया।

कथा की आरती भाजपा नेता अशोक सिंह राठौर,महापौर पूर्व पार्षद सविता केसरवानी, पूर्व पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर मिश्रा, राजेश केसरवानी, मनीष केसरवानी, पार्षद आकाश चोपड़ा, पार्षद रितेश मिश्रा, पार्षद आशीष द्विवेदी, पार्षद अनूप पासी, रुद्रसेन जायसवाल, राजू पाठक, गिरीजेश मिश्रा, राजन शुक्ला आदि भक्तों ने की।

कोर में अधिकारियों-कर्मचारियोंने ली स्वच्छताकी शपथ

डीएसए मैदानमें श्रमदान करके स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षणका दिया संदेश

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर), प्रयागराज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, सहभागिता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्वच्छता ही सेवा-२०२६' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कोर परिसर में विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक, कोर अशोक कुमार वर्मा ने संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी ने अपने कार्यस्थल, आसपास के परिसर तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने, स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस दौरान महाप्रबंधक ने कार्यालय में कार्यरत संविदा सफाई मित्रों को स्वच्छता किट भी प्रदान किया। इसके उपरांत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान अभियान के अंतर्गत महाप्रबंधक के नेतृत्व में कोर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक स्वच्छता श्रमदान किया। इसी क्रम में महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में स्वच्छता जागरूकता बैठक का भी आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर स्वच्छता पखवाड़ा-२०२६ के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों के क्रम में गुरुवार को डीएसए ग्राउंड में विशेष स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की टीम ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक-सामान्य, दीपक कुमार, वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं रखरखाव प्रबंधक, विक्रम सिंह कोली सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। सभी ने डीएसए ग्राउंड परिसर की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। डीएसए ग्राउंड परिसर में मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने पौधे लगाये तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' की भावनाके अनुरूप सामूहिक श्रमदानके माध्यमसे स्वच्छताके प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा दिया गया।

वाद-विवाद प्रतियोगितामें इविवि की मुस्कान एवं कृति उपविजेता

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के पांचवें सेमेस्टर की छात्राओं मुस्कान त्रिपाठी और कृति निषाद ने अंतरराष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वावधान में २६ सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में देश-विदेश की ३० टीमों ने प्रतिभाग किया था।

प्रतियोगिता में उपविजेता रहीं मुस्कान और कृति को ट्राफी, २० हजार रुपये नकद और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. आदेश कुमार ने दोनों छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की और आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

गुड टच-बैड टच पहचानें, गलत स्पर्शपर चुप न रहें

एसीजेएम ने बालिकाओंको दी पाक्सो कानूनकी जानकारी, बताया- बच्चों को मिला है सुरक्षा और संरक्षणके विशेष अधिकार

(विधि संवाददाता)

किसी भी असहज या गलत स्पर्श को सहन करना या छिपाना नहीं, बल्कि उसके खिलाफ आवाज उठाना ही बाल सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। छात्राओं को अपने अधिकारों और कानूनी संरक्षण की जानकारी होगी तो वे किसी भी खतरे को पहचानकर समय रहते उससे बचाव कर सकेंगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरूवार को ईश्वर शरण बालिका इंटर कालेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को पाक्सो एक्ट, बाल सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए उन्हें 'गुड टच' और 'बैड टच' के प्रति सजग किया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) ज्योत्सना मणि यदुवंशी ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए कानून में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने छात्राओं को आसान उदाहरणों के माध्यम से गुड टच और बैड टच का अंतर समझाया और कहा कि यदि किसी व्यक्ति का स्पर्श असहज, डराने वाला या गलत महसूस हो तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में तत्काल माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए।उन्होंने छात्राओं को पाक्सो एक्ट के तहत बच्चों को प्राप्त कानूनी संरक्षण, शिकायत की प्रक्रिया और उपलब्ध सहायता व्यवस्था के बारे में भी बताया। छात्राओं से कहा गया कि किसी भी गलत व्यवहार की स्थिति में डरने या चुप रहने के बजाय अपनी बात खुलकर सामने रखें।

कार्यक्रम में देवेश शुक्ल ने कहा कि बच्चों को कम उम्र से ही अपने अधिकारों और सुरक्षित-असुरक्षित व्यवहार के बारे में जानकारी देना बेहद जरूरी है। जागरूक बच्चा किसी गलत स्थिति को पहचानकर समय रहते अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी दे सकता है।वंदना शुक्ला ने कहा कि बाल सुरक्षा के लिए ऐसा वातावरण बनाना जरूरी है, जहां बच्चियां बिना किसी डर या संकोच के अपनी बात परिवार और शिक्षकों के सामने रख सकें। असहज या गलत स्थिति को छिपाने के बजाय तत्काल जानकारी देने से समय रहते आवश्यक सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराया जा सकता है।कार्यक्रम में छात्राओं को बताया गया कि बाल सुरक्षा केवल कानून और प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि परिवार, विद्यालय और पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी गलत व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विनीता चौधरी ने किया। प्रधानाचार्या प्रतिभा, नोडल पूनम सहित तमाम अधिवक्तागण एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

संगम तटपर श्रद्धालुओंने किया पंचमीका श्राद्ध



संगम तट पर पितृ पक्ष की की पंचमी पर पंचमी का श्राद्ध श्रद्धालुओं ने किया। यह श्राद्ध (कुंवारा पंचमी) अविवाहित मृत परिजनों के लिए और षष्ठी श्राद्ध (छठ का श्राद्ध) षष्ठी तिथि को दिवंगत हुए पितरों की शांति के लिए किया।

यह तिथि परिवार के उन सदस्यों के श्राद्ध के लिए विशेष मानी जाती है जिनकी मृत्यु विवाह से पहले (अविवाहित स्थिति में) हो गई हो। इसे 'कुंवारा पंचमी' भी कहा जाता है। इस दिन विधि-विधान से तर्पण और पिंडदान करने से अविवाहित पितरों की आत्मा को तृप्ति और मोक्ष मिलता है। गुरुवार को ऐसे श्रद्धालुओं ने पितरों की शांति के लिए पंचमी का श्राद्ध किया। डा. पवन शुक्ला के अनुसार दो अक्तूबर को षष्ठी तथा सप्तमी का श्राद्ध और तीन को अष्टमी का श्राद्ध तथा जीवत् पुत्रिका व्रत होगा। इसी क्रम में चार को मातृनवमी तथा श्राद्ध, पांच को दशमी का श्राद्ध, छह को एकादशी श्राद्ध, सात को कोद्वादशी श्राद्ध तथा यतक संन्यासी वैष्णव का श्राद्ध और मघा नक्षत्र कि श्राद्ध, आठ को त्रयोदशी श्राद्ध, नौ को चतुर्दशी श्राद्ध और दस को पितृ विसर्जन होगा।

मतदाता सम्पर्कसे लेकर जिला सम्मेलन करानेकी तैयारीमें जुटी भाजपा

इलाहाबाद-झांसी स्नातक चुनावको लेकर जिला कार्यालयमें बनी रणनीति

इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक चुनाव में प्रत्याशी के नाम की घोषणा होते ही भारतीय जनता पार्टी पूरे एक्शन मोड में आ गयी है। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए पार्टी मतदाता संपर्क से लेकर सम्मेलन कराने की तैयारी में जुट गयी है। पार्टी का संपर्क अभियान १० अक्तूबर और जिला सम्मेलन १५ अक्तूबर से चलेगा। भारतीय जनता पार्टी के सिविल लाइंस स्थित जिला कार्यालय पर गुरुवार को महानगर के सभी १५ मंडलों के मंडल अध्यक्षों व जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई।

जिसमें इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक चुनाव में विजय परचम लहराने की रणनीति पर मंथन हुआ। बैठक में काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष एवं स्नातक चुनाव सह संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन पूरी ताकत से इस चुनाव को लड़ने जा रहा है। १० से १४ अक्टूबर तक मतदाता संपर्क अभियान चलाया जाएगा। १५ से १८ अक्टूबर तक मतदाता जिला सम्मेलन व १९-२० अक्टूबर को चुनाव तैयारी बैठक की जाएगी। अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि मतदाताओं को बूथ तक लाने में कोई ढिलाई नहीं बरतनी है।

जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरे।

५ अक्टूबर को भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर का नामांकन होगा। जिसमें बड़ी संख्या में प्रयागराज महानगर से कार्यकर्ता पहुंचे, इसकी योजना बना लें। कहा कि कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को लेकर मतदाताओं के पास पहुंचे। पोलिंग एजेंट व पोलिंग बूथ प्रभारी सजग व सचेत रहें। चुनाव को लेकर सभी १५ मंडलों के मंडल संयोजक, सह संयोजक, विधानसभा संयोजक व सह संयोजक बैठक कर २३ अक्टूबर को होने वाले स्नातक चुनाव मतदान को लेकर रणनीति पर मंथन कर लें।

बैठक में महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, स्नातक चुनाव के जिला संयोजक महानगर महामंत्री डा. शैलेश पांडेय, सह संयोजक एवं जिला मंत्री दीप द्विवेदी, सुबोध सिंह, आनंद सोनकर, अनिल केसरवानी, कुंज बिहारी मिश्रा, अनुज कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, वंदना सिंह, राम लोचन साहू, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इविवि : आईक्यूएसी का पुनर्गठन, प्रो. मनोज कुमार फिर बने निदेशक

इविवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) का पुनर्गठन कर दिया गया है। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव को आईक्यूएसी का अध्यक्ष बनाया गया है। अंग्रेजी विभाग के प्रो. मनोज कुमार को दोबारा निदेशक की जिम्मेदारी दी गई है। प्रकोष्ठ में विभिन्न विभागों के शिक्षकों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों, पूर्व छात्र, विद्यार्थी, स्थानीय समाज और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।शिक्षक प्रतिनिधियों में विधि संकाय के डीन प्रो. अदेश कुमार, वाणिज्य संकाय के प्रो. जीबीएस जौहरी, भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. तर्केश्वर त्रिवेदी, भूगोल विभाग की प्रो. किरण कुमारी सिंह, सेंटर ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की डॉ. यशि श्रीवास्तव, शिक्षा विभाग के डॉ. मनीष कुमार गौतम, पृथ्वी एवं ग्रह विज्ञान विभाग के डॉ. रवीन्द्र प्रताप सिंह और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन विभाग के डॉ. निलेश आनंद श्रीवास्तव को सदस्य बनाया गया है। डीन कॉलेज डेवलपमेंट प्रो. अजय कुमार जेठली को प्रबंधन प्रतिनिधि बनाया गया है। रजिस्ट्रार प्रो. आशीष खरे, वित्त अधिकारी प्रो. हिमांशु श्रीवास्तव और परीक्षा नियंत्रक प्रो. विष्णु प्रभाकर श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधि होंगे। पूर्व छात्र प्रतिनिधि के रूप में प्रो. मनमोहन कृष्णा, स्थानीय समाज की प्रतिनिधि के रूप में डॉ. शांति चौधरी और छात्र प्रतिनिधि के रूप में अंग्रेजी विभाग की शोध छात्रा प्रतिभा सिंह को शामिल किया गया है। नियोक्ता, उद्योग एवं अन्य हितधारकों के प्रतिनिधि के रूप में संदीप कुमार, डॉ. जीएस दरबारी और प्रो. राजीव मनोहर को सदस्य बनाया गया है। आईक्यूएसी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक गुणवत्तासे जुड़ी प्रक्रियाओं को संस्थागत रूपसे आगे बढ़ाने का काम करेगा।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।
सम्पादक:शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर: कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३३८)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।